महाविद्यालय बुलेटिन

बर्फिया लाल जुवांठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पुरोला, उत्तरकाशी (उत्तराखण्ड)

श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल टिहरी गढ़वाल उत्तराखण्ड से संबद्ध

अर्द्ध वार्षिक न्यूज़लेटर 2023

सम्पादक मण्डल

संरक्षक - डॉ0 ए0के0 तिवारी (प्राचार्य)

मुख्य संपादक- श्रीमती गौहर फातिमा

सम्पादक मण्डल सदस्य

डॉ0 गणेश प्रसाद
श्री दीपक सिंह
डॉ0 विशम्बर जोशी
श्री कृष्ण देव रतूड़ी
श्री विनोद कुमार
स्मृति नौडियाल (बी0ए0 द्वितीय सेमेस्टर)
जाग्रति रतूड़ी (एम0एससी0 चतुर्थ सेमेस्टर)

विषयवस्तु

* माननीय निदेशक जी, कुलपति जी व प्राचार्य जी का शुभकामना सन्देश
* महाविद्यालय संदृष्टि व लक्ष्य
* महाविद्यालय गतिविधियाँ एवं आयोजन
* महाविद्यालय की सत्र 2022-23 में उपलब्धियाँ
* महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधायें
* महाविद्यालय की भावी योजनाएं व नीतियाँ
* मीडिया कवरेज

प्रकाशक- प्राचार्य, बर्फिया लाल जुवांठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पुरोला, उत्तरकाशी

Visit our Website @ www.gpgcpurola.ac.in

Contact Us @
+91-8171045315
gdcpurola@gmail.com
www.instagram.com/gdc_purola
www.facebook.com/gpgcpurola/
www.youtube.com/channel/UCS3AZrylk6Pxf

शुभकामना संदेश

माननीय उच्च शिक्षा निदेशक जी का शुभकामना सन्देश

उच्च शिक्षा निदेशालय, उत्तराखण्ड
हल्द्वानी – 263139 (नैनीताल)
E-mail-highereducation.director@gmail.com

प्रो0 सी0डी सूंठा
निदेशक (उच्च शिक्षा)

अर्द्धशासकीय पत्रांक 2446/2023–24
दिनांक 21 जुलाई, 2023

शुभकामना संदेश

महोदय,

अत्यन्त हर्ष का विषय का विषय है कि बर्फिया लाल जुवांठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पुरोला, उत्तरकाशी उत्तराखण्ड द्वारा महाविद्यालय के न्यूजलेटर **"महाविद्यालय बुलेटिन"** के दूसरे अंक (जनवरी– जून 2023) का प्रकाशन करने जा रहा है।

"महाविद्यालय बुलेटिन" के माध्यम से महाविद्यालय की गतिविधियों , आयोजनों, उपलब्धियों, एवं भावी योजनाओं की जानकारी समाजिक एवं हितधारकों तक पहुचाने का प्रयास किया जायेगा। साथ ही **"महाविद्यालय बुलेटिन"** महाविद्यालय के विद्यार्थियों की बौद्धिक , वैचारिक एवं रचनात्मक प्रतिभा की अभिव्यक्ति के लिए भी माध्यम होगा।

मै उक्त बुलेटिन के प्रकाशन हेतु महाविद्यालय के प्राचार्य, सम्पादक मण्डल, प्राध्यापको, कर्मचारियों एवं छात्र/छात्राओं को हार्दिक शुभकामनाऐं देता हूँ।

(प्रो0 सी0डी0सूंठा)

प्रतिष्ठा में,
प्राचार्य,
बर्फिया लाल जुवांठा,राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
पुरोला (उत्तरकाशी) उत्तराखण्ड।

श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय
बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल, उत्तराखण्ड–249199
Sri Dev Suman Uttarakhand University
Badshahithaul, Tehri Garhwal, Uttarakhand - 249199

प्रो0 एन0के0 जोशी
Prof. N.K. Joshi
कुलपति
Vice Chancellor

Tel. : 01376 - 254110 (O)
Fax : 01376 - 254110
Website : www.sdsuv.ac.in
Mail Id : sdsuv123@gmail.com

Ref. No.: SDSUV/Memo
Dated : 20/07/2023

!! संदेश !!

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है कि **"बर्फिया लाल जुवांठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पुरोला (उत्तरकाशी)"** अपने महाविद्यालय के न्यूजलेटर **"महाविद्यालय बुलेटिन"** के जनवरी–जून 2023 का प्रकाशन करने जा रहा है।

महाविद्यालय द्वारा प्रकाशित किये जाने वाले न्यूजलेटर **"महाविद्यालय बुलेटिन"** द्वारा महाविद्यालय की गतिविधियों, आयोजनों, उपलब्धियों, भावी योजनाओं की जानकारी एवं उच्च शिक्षा क्षेत्र में राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर नीतियाँ एवं परिवर्तनों की सूचनाओं को अर्द्धवार्षिक न्यूजलेटर **"महाविद्यालय बुलेटिन"** के दूसरे अंक (जनवरी–जून 2023) के माध्यम से प्रकाशित कर उजागर किया जा रहा है। मुझे आशा है कि अर्द्धवार्षिक न्यूजलेटर **"महाविद्यालय बुलेटिन"** छात्र–छात्राओं, समाज, हितधारको तथा शिक्षा जगत के क्षेत्र में बेहतर संवाद कायम करने में सहायक सिद्ध होगा।

मैं, डॉ0 ए0के0 तिवारी के कुशल नेतृत्व में बर्फिया लाल जुवांठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पुरोला उत्तरकाशी द्वारा प्रकाशित किये जाने वाले अर्द्धवार्षिक न्यूजलेटर **"महाविद्यालय बुलेटिन"** की भव्यता एवं सफल प्रकाशन हेतु हार्दिक शुभकामनायें ज्ञापित करता हूँ।

मंगलकामनाओं सहित!

प्रो0(एन0के0 जोशी)
कुलपति।

डॉ0(ए0के0 तिवारी)
प्राचार्य,
बर्फिया लाल जुवांठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
पुरोला (उत्तरकाशी)

माननीय कुलपति जी का शुभकामना सन्देश

प्राचार्य सन्देश

महाविद्यालय की अर्द्धवार्षिक न्यूज़लेटर "महाविद्यालय बुलेटिन" के द्वितीय अंक को आप सभी हितधारकों को सौपतें हुये अत्यंत प्रसन्नता है। बुलेटिन में विगत छः माह की विभिन्न क्रियाकलापों/गतिविधियों एवं उपलब्धियों की संक्षिप्त आख्या समाहित है। सीमित भौतिक एवं मानवीय संसाधनों के बावजूद महाविद्यालय प्रशासन छात्र/ छात्राओं को गुणवत्तापरक एवं कौशलयुक्त उच्च शिक्षा प्रदान करने हेतु निरन्तर प्रयासरत है।

आलोच्य अवधि में महाविद्यालय द्वारा छात्र/ छात्राओं को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु हार्क संस्था से समझौता पत्र हस्ताक्षरित किया गया, नान्दी फाउंडेशन के सहयोग से छः दिवसीय रोज़गार कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन उल्लेखनीय उपलब्धि हैं ताकि छात्रों की रोज़गार प्राप्ति क्षमता में सार्थक वृद्धि की जा सके। इसी दिशा में महाविद्यालय की नैक ग्रेडिंग प्राप्त करने हेतु SSR जमा करने सहित ऑनलाइन प्रक्रिया पूर्ण का ली गयी है। शीघ्र ही नैक पीयर टीम का महाविद्यालय भ्रमण प्रस्तावित है। अंतत में इस न्यूज़लेटर की मुख्य संपादक श्रीमती गौहर फातिमा एवं सम्पूर्ण संपादक मंडल की इस अभिनव पहल हेतु हार्दिक शुभकामनाऐं देता हूँ, एवं महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों एवं हितधारकों एवं विभागीय उच्च अधिकारियों के प्रति उनके सहयोग हेतु कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ।

डॉ0 ए0के0 तिवारी
प्राचार्य एवं प्रोफेसर

महाविद्यालय का विजन और मिशन

संदृष्टि (Vision)

"राष्ट्रीय उच्च शिक्षा नीति के अनुरूप छात्र-छात्राओं के बीच उत्कृष्ट शिक्षा, मूल्य प्रणाली, रचनात्मकता तथा वैश्विक क्षमता की खोज के साथ उनके सर्वांगीण विकास का समाज कल्याण के निमित संधान करना।"

लक्ष्य (Mission)

* छात्रों को अधिक रचनात्मक, अभिनव, प्रयोगशील व प्रगतिशील बनाने के लिए मदद करना जिसमे वे उत्कृष्ट बन सके।
* उच्च शिक्षा प्रदान करने में परम्परागत विधियों के साथ सूचना एवं संचार तकनीकी (ICT), दूरस्थ शिक्षा (ODL) एवं मुक्त शैक्षिक स्त्रोंतो (MOOCS) के उपयोग को बढ़ावा देना।
* पुरोला शहर व ग्रामीण अंचलो में सामाजिक व आर्थिक रूप से कमज़ोर विद्यार्थियों के नामांकन दर में वृद्धि हेतु प्रयास करना जिससे वे अपना शैक्षिक उन्नयन कर सकें ।
* गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करना जिससे विद्यार्थियों की योग्यताओं में विकास हो उनमें आत्मचिंतन, आत्मनिष्ठा, सदभाव, आत्मविश्वास, निर्णय लेने तथा कुशल नेतृत्व प्रदान करने जैसी योग्यतायें विकसित हों।
* उच्च शिक्षा को प्रासंगिक बनाते हुए समाज, राष्ट्र के आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक तथा तकनीकी विकास में उसकी भूमिका सुनिश्चित करना।
* शिक्षा में गुणात्मकता की दृष्टि से शोध संबधी मापदंडो व विचारधारा को छात्र-छात्राओं के मध्य विकसित करना एवं इस विचारधारा को सुगम बनाना।
* देश की सर्वोच्च सेवाओं हेतु विद्यार्थियों को मानसिक व शैक्षिक रूप से तैयार करना।

आयोजन व गतिविधियाँ

महाविद्यालय आधिकारिक वेबसाइड लॉन्च एवं न्यूज़लेटर का विमोचन (11 जनवरी 2023)

नव वर्ष की शुरुआत करते हुए जनवरी माह में महाविद्यालय की 'आधिकारिक वेबसाइड' को लॉन्च व महाविद्यालय अर्द्ध वार्षिक न्यूज़लेटर 'महाविद्यालय बुलेटिन' का विमोचन किया गया। इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने एवं महाविद्यालय की 'आधिकारिक वेबसाइड' को लॉन्च व महाविद्यालय अर्द्ध वार्षिक न्यूज़लेटर 'महाविद्यालय बुलेटिन' का विमोचन हेतु बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक माननीय श्री दुर्गेश्वर लाल जी पहुचें । माननीय विधायक जी ने महाविद्यालय की वेबसाइट का उदघाट्न कर प्राध्यापकों सहित सभी छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि महाविद्यालय की सभी क्रिया कलापों को आधुनिक प्लेटफॉर्म पर प्रचार-प्रसार सरलता व सुगमता से उपलब्ध कराने के लिए यह सभी लोगों का सराहनीय व सफल प्रयास का नतीजा है। साथ ही महाविद्यालय बुलेटिन का विमोचन करते हुए उन्होंने इसे महाविद्यालय के गत वर्ष की गतिविधियों व कार्यक्रमों को रचनात्मकता के साथ हितधारकों तक पहुंचाने का माध्यम बताया। उन्होंने छात्रों को भविष्य में अपने लक्ष्य निर्धारित कर अपने गुरुजनों के सहयोग से आगे बढ़ने की अपील करते हुए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 ए0के0 तिवारी ने कहा कि महाविद्यालय की वेबसाइट www.gpgcpurola.ac.in पर जा कर कोई भी छात्र महाविद्यालय की क्रिया कलापों जैसे परीक्षा तिथि, महाविद्यालय के कार्यक्रम, योजनाओं व नीतियों के बारे जान सकेंगें वही अर्धवार्षिक न्यूज़लेटर 'महाविद्यालय बुलेटिन' में महाविद्यालय स्तर के क्रियाकलापों का उल्लेख किया गया है। इस अवसर पर आचार्य लोकेश बडोनी, मधुरजी, अमीचंद शाह,राजेश बिजल्वाण, लोकेश उनियाल, आदि मौजूद रहें। कार्यक्रम का संचालन श्री आर0एल0 आर्या ने किया ।

छः दिवसीय प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण (16 -21 जनवरी 2023)

महाविद्यालय के 11 रोवर रेंजर्स के द्वारा छः दिवसीय प्राथमिक उपचार के प्रशिक्षण दिनांक 16 जनवरी से 21 जनवरी तक ब0 ला0 जु0 राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुरोला में प्राप्त किया गया । जिसमे ग्यारह रोवर रेंजर्स ने प्राथमिक उपचार के सम्बन्ध में ज्ञान एवं कौशल अर्जित किया। जिसमे रोवर रेंजर्स को पट्टी बांधना, इंजेक्शन लगाना, बी0पी0 मापन, डायबिटीज़ मापन, दन्त स्वास्थ्य का ज्ञान, कुत्ते के काटने पर प्राथमिक उपचार आदि के विषय में प्रशिक्षित किया गया। इस छः दिवसीय प्रशिक्षण में रोवर प्रभारी श्री विनोद कुमार ने रोवर रेंजर्स का मार्गदर्शन किया।

गणतंत्र दिवस (26 जनवरी 2023)

इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस पर महाविद्यालय ने पूर्ण उत्साह के साथ इस शुभ अवसर को मनाया। इस अवसर पर समारोह की शुरुआत भारतीय ध्वज के सम्मान में हुई और सभी ने राष्ट्रीय गान गर्व से सिर झुकाकर गाया। इसके बाद, महाविद्यालय के प्राचार्य ने गणतंत्र दिवस के महत्व को समझाने और इसे राष्ट्रीय एकता और समरसता के रूप में कैसे देखा जा सकता है के बारे में बताया व साथ ही उन्होंने संविधान के महत्वपूर्ण अनुच्छेदों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी।

ई ग्रन्थालय हैंड्सऑन प्रशिक्षण (18 फरवरी 2023)

ई ग्रन्थालय हैंड्सऑन प्रशिक्षण हेतु तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 16 फरवरी से 18 फरवरी 2023 उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखंड द्वारा एनआईसी भारत सरकार के सहयोग से संपन्न कराया गया । उक्त प्रशिक्षण में महाविद्यालय की ओर से श्री दीपक सिंह गणित विभाग द्वारा प्रतिभाग किया गया। ई ग्रन्थालय से जुड़ी समस्त तकनीकी प्रक्रिया को महाविद्यालय के पुस्तकालयों में समस्त पुस्तकों को बारकोड से जोड़ना तथा ऑनलाइन कैटालॉगिग की प्रक्रिया गतिमान है। प्रक्रिया संपन्न होने के पश्चात समस्त छात्र-छात्राओं की ऑनलाइन आईडी बनाकर सभी को पोर्टल द्वारा पुस्तकें दी जाएंगी।

छः दिवसीय रोजगार परक कौशल प्रशिक्षण (22-27 फरवरी 2023)

महाविद्यालय पुरोला में मार्ग दर्शन परामर्श एवं उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ तथा नांदी फाउंडेशन के महिंद्रा प्राइड क्लासरूम के सहयोग से बालिकाओं के लिए छः दिवसीय रोजगार परक कौशल प्रशिक्षण का शुभारंभ 22 फरवरी को हुआ। जिसमें महिंद्रा प्राइड क्लासरूम द्वारा भेजी गयी मास्टर ट्रेनर श्रीमती रेनू शर्मा व श्रीमती गौहर फातिमा ने इस छः दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन व विभिन्न मौडुएल्स में छात्राओं को प्रशिक्षित करने के लिए आवश्यक भूमिका निभाई। इस प्रशिक्षण में छात्राओं को भावी भविष्य में ज़्यादा रोज़गारपक बनाने के गुण सिखाये गए जैसे सॉफ्ट बेहवियरल स्किल्स, कम्युनिकेशन स्किल्स, लाइफ स्किल्स, इंटरव्यू स्किल्स, कंप्यूटर स्किल्स आदि। प्रथम बैच में 50 छात्राओं व दूसरे बैच में 45 छात्राओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रशिक्षुओं को सर्टिफिकेट दिया गया।

विश्व स्काउट गाइड दिवस (22 फरवरी 2023)

महाविद्यालय पुरोला में स्काउट गाइड के जन्मदाता लॉर्ड रॉवर्ट बेडेन पॉवेल के जन्म दिवस पर विश्वभर में मनाए जा रहे विश्व स्काउट गाइड दिवस के अवसर पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन प्रभारी प्राचार्य डॉ0 यमुना प्रसाद रतूड़ी के निर्देशन पर संयोजक रोवर्स श्री विनोद कुमार तथा रेंजर डॉ0 तबस्सुम जहां के द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर रोवर्स तथा रेंजर छात्र/छात्राओं ने ध्वजारोहण किया, झंडा गीत गाया तथा परिसर की सफाई आदि कार्य करके इस दिवस को उत्साह के साथ मनाया।

नशामुक्ति एवं उन्मूलन संगोष्ठी (24 फरवरी 2023)

महाविद्यालय पुरोला में नशामुक्ति एवं उन्मूलन अभियान के तहत एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य संदर्भदाता एवं मुख्य अतिथि के रूप में पधारे बर्फिया लाल जुवांठा समुदाय स्वस्थ केंद्र पुरोला के चिकित्सा प्रभारी डॉ0 कपिल तोमर, थाना पुरोला के थानाध्यक्ष श्री खजान सिंह चौहान, न्याय क्षेत्र से अधिवक्ता श्री अरूण सिंह रावत, सामाजिक कार्यकर्ता श्री राजपाल सिंह पंवार, व्यापार मंडल के अध्यक्ष श्री बृजमोहन सिंह चौहान, महाविद्यालय के शिक्षक एवं अभिभावक संघ के अध्यक्ष श्री प्रताप सिंह रावत, मीडिया से श्री राधेकृष्ण उनियाल, श्री वीरेन्द्र सिंह चौहान, श्री बलदेव सिंह भंडारी ने अपने उदबोधनो में छात्र/छात्राओं को नशे से बचने के सुझाव, नशे से होने वाली जानलेवा बीमारियों, कानूनी प्रावधानों, चारित्रिक पतन की विस्तार से जानकारी दी। प्राचार्य डॉ0 ए0 के0 तिवारी ने इस महत्वपूर्ण अवसर पर सभी विषय विशेषज्ञ संदर्भदाताओं को धन्यवाद देते हुए छात्र/छात्राओं से उम्मीद की कि वे दिए गए अनमोल सुझानों, जानकारियों, नियमो, कानूनी प्रावधानों को भलीभांति समझेंगे, चिंतन, मनन करेंगे और दृढ़ निश्चय करेंगे कि नशे से बचेंगे और अपने परिवार और साथियों को नशे से बचाने में अपना योगदान देंगे। कार्यक्रम के संयोजक श्री कृष्णदेव रतूड़ी ने सभी अतिथियों का महाविद्यालय की ओर से स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कार्यक्रम की भूमिका रखी।

यूसर्क एवं हार्क संस्था प्रशिक्षण कार्यक्रम (23 फरवरी -17 मार्च 2023)

महाविद्यालय पुरोला और हार्क संस्था देहरादून के द्वारा महाविद्यालय के छात्रों को उद्यमिता के प्रति जागरूक और प्रशिक्षित करने के लिए यूसर्क देहरादून से वित्त पोषित प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया गया। महाविद्यालय से कार्यक्रम के संयोजक डॉ0 विनय नौटियाल ने इस दौरान छात्र- छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए 45 विद्यार्थियों द्वारा 21 दिन का टिशू कल्चर, ग्राफ्टिंग और आर्गेनिक खाद बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त कराया। छात्रों द्वारा प्रशिक्षण की बहुत सराहना की गयी, और भविष्य में ऐसे अन्य कार्यक्रमों को संचालित करने का आग्रह किया गया।

सात दिवसीय एन0 एस0 एस0 शिविर (15-21 मार्च 2023)

एन0एस0एस0 के स्वयंसेवियों का सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ राजकीय प्राथमिक विद्यालय सुनाली में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्रामसभा सुनाली के ग्राम प्रधान तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 ए0 के0 तिवारी ने द्वीप प्रज्वलित कर सात दिवसीय शिविर का विधिवत शुभारंभ किया। इस सात दिवसीय शिविर में सुनाली ग्राम व आस पास के इलाको में कई महत्वपूर्ण सामाजिक व पर्यावरणीय कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस सात दिवसीय शिविर में NSS प्रभारी की भूमिका फातिमा खान, श्री भूपाल सिंह कार्की व श्रीमती गौहर फातिमा ने निभाई। स्वयं सेवियों ने शिविर की शुरुआत सामाजिक सर्वे से की जिसमें सुनाली ग्राम के आसपास के क्षेत्र का सर्वे किया गया। इन सात दिनों में स्वयं सेवियों द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम, पौधारोपण कार्यक्रम आदि आवश्यक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । साथ ही एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया गया जिसमें सामाजिक मुद्दों जैसे लिंग भेद, नशे की लत आदि को उजागर किया गया। इसी क्रम

में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।इसमें स्वच्छता, सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा आदि के महत्वपूर्ण मुद्दों पर बातचीत की गई और लोगों को जागरूक किया गया। अंतिम दिन समापन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसे विभिन्न गाने, नृत्य और नाटकों का प्रस्तुतीकरण किया गया व साथ ही सभी स्वयंसेवियों को सम्मानित किया और उनके योगदान को प्रशस्ति दी। इस सात दिनों के राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) कैंप ने विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का अनुभव करने का मौका दिया।

शिक्षक एवं अभिभावक संघ, नई कार्यकारणी का गठन (23 मार्च 2023)

महाविद्यालय पुरोला उत्तरकाशी में शिक्षक एवं अभिभावक संघ की बैठक आहूत की गई। प्रथम सत्र में कार्यक्रम के संयोजक डॉ0 विशंबर जोशी ने आज के कार्यक्रम की रूपरेखा रखी। प्राचार्य डॉ0 ए0के0 तिवारी ने अपने संबोधन में उपस्थित अभिभावकों का स्वागत किया तथा धन्यवाद दिया। प्राध्यापिका गौहर फातिमा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का संक्षिप्त परिचय दिया। कार्यक्रम संचालक श्री राजेंद्र लाल आर्य ने आगामी NAAC प्रत्यायन का परिचय दिया। तत्पश्चात महाविद्यालय की गतिविधियों की प्रगति पर चर्चा परिचर्चा की गई तथा विभिन्न समस्याओं पर चिंतन मंथन किया गया। द्वितीय सत्र में महाविद्यालय के प्राचार्य ने पुरानी कार्यकारणी को भंग कर नई कार्यकारणी के गठन का प्रस्ताव रखा व शिक्षक एवं अभिभावक संघ के पूर्व अध्यक्ष श्री प्रताप सिंह रावत जी को स्मृति चिन्ह देकर धन्यवाद किया गया। नई कार्यकारणी में श्री दशरथ सिंह पंवार को अध्यक्ष, श्रीमती उर्मिला को उपाध्यक्ष, श्री शिवराम सिंह चौहान को कोषाध्यक्ष तथा श्री मदन कोहली को सहसचिव चुना गया।

G20 कंसल्टेशन 2023 में प्रतिभाग (03-05 मई 2023)

G20 कंसल्टेशन के अंतर्गत Y20 कार्यक्रम में प्रीति आर्य, बी0एस0सी0 द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा ने महाविद्यालय का प्रतिनिधिद्त्व किया व 3 से 5 मई 2023 में ऋषिकेश में आयोजित G20 कंसल्टेशन 2023 में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया Y20 कार्यक्रम में छात्रा का विषय “Health, Wellbeing And Sport: Agenda for Youth” रहा, उक्त विषय पर विशेषज्ञों के द्वारा आवश्यक जानकारियां मिली और साथ ही वाद- विवाद के माध्यम से छात्रा ने प्रतिभाग किया।

छात्र संघ समारोह (06 मई 2023)

महाविद्यालय में छात्र संघ द्वारा एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के छात्रसंघ द्वारा किया जिसमें छात्रसंघ अध्यक्ष शिवम नौडियाल ने प्रमुख भूमिका निभाई। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विभिन्न क्षेत्रों के महानुभावों ने शिरकत की व साथ ही लोक कलाकारों ने भी कार्यक्रम की शोभा और बढ़ाई। यह कार्यक्रम एक रंगमंच के रूप में आयोजित किया गया जिसमें संस्कृति, गीत, नृत्य, नाटक, और अन्य राजकीय उपक्रमों को दर्शाया गया। छात्र संघ द्वारा आयोजित इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रों ने जीवंत भारतीय व उत्तराखंड संस्कृति के रंग और रूप को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 यमुना प्रसाद रतूड़ी ने किया।।

बेस्ट ऑफ़ वेस्ट प्रतियोगिता (18 मई 2023)

महाविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग के तत्त्वाधान में 'best of waste' प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने waste material का प्रयोग करते हुए कई प्रकार की उपयोगी एवं साज-सज्जा के लिए वस्तुओं का निर्माण किया। प्राचार्य महोदय ने जीतने वाले छात्र-छात्राओं को पुरुस्कृत करते हुए उन्हें इसी ऊर्जा के साथ आगे होने वाले कार्यक्रमों में प्रतिभाग हेतु अभिप्रेरित किया। इस कार्यक्रम में संयोजक की भूमिका श्रीमती गौहर फातिमा ने निभाई।

अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस (05 जून 2023)

महाविद्यालय में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस को उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर के उपलक्ष्य में एक विचार गोष्ठी एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी का शीर्षक प्लास्टिक प्रदूषण एवं उन्मूलन व पोस्टर प्रतियोगिता का शीर्षक 'One Earth One Environment' था। छात्र-छात्रों ने पूर्ण उत्साह के साथ इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री सुबोध कुमार काला, प्रभागीय वनाधिकारी , टोंस वन प्रभाग पुरोला, उत्तरकाशी रहें जिन्होंने छात्र-छात्राओं का ज्ञान व उत्साह वर्धन किया । व कार्यक्रम संयोजक डॉ0 विशम्बर जोशी ने सफलतापूर्ण आयोजन के लिए प्रशंसनीय कार्य किये।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून 2023)

महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में, प्राचार्य, प्राध्यापकों, छात्र- छात्राओं और कर्मचारियों द्वारा सुबह सवेरे योगाभ्यास के माध्यम से उत्सव मनाया गया। आसनों, प्राणायाम, ध्यान और धारणा का अभ्यास करके सभी ने शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक तरक्की को बढ़ाया। सभी एक साथ योग का अनुभव कर रहे थे, जिससे संबंधों में सजगता और समरसता बढ़ी। इस उत्सव के माध्यम से योग की महत्वपूर्ण भूमिका को समझा और स्वस्थ और समृद्ध जीवन की दिशा में साथ मिलकर प्रतिबद्धता भी जताई।



'नशा मुक्त भारत अभियान' वेबिनार (26 जून 2023)

महाविद्यालय में नशा उन्मूलन प्रकोष्ठ के तत्त्वाधान में एक राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। उक्त वेबिनार का शीर्षक 'नशा मुक्त भारत अभियान' था जिसमें प्रमुख प्रवक्ता के रूप में डॉ0आर0 सी0 आर्या Deputy-CMO, CHC पुरोला और श्री अशोक कुमार, SO पुलिस स्टेशन पुरोला ने भाग लिया । इस वेबिनार का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को नशीले पदार्थों के लत व उसके दुष्परिणामों से अवगत करना था। डॉ0 ए0के0 तिवारी, प्राचार्य ने वक्ताओं को धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम को समाप्त किया। इस कार्यक्रम के संयोजक श्री के0डी0 रतूड़ी,सह-संयोजक श्री आर0एल0 आर्या व तकनीकी सहायक श्री दीपक सिंह रहें।

दो दिवसीय महाविद्यालय स्तरीय क्रीड़ा (खेलकूद) प्रतिस्पर्धा (15-16 फरवरी 2023)

महाविद्यालय द्वारा दो दिवसीय महाविद्यालय स्तरीय क्रीड़ा (खेलकूद) प्रतिस्पर्धा का आयोजन राजकीय आदर्श इण्टर कॉलेज पुरोला के खेल के मैदान में किया गया। जिसमें प्रथम दिवस के कार्यक्रमानुसार दौड़ 100,200,400 व 800 मीटर, कबड्डी, गोला फ़ेंक, चक्का फेंक, ऊँची कूद तथा लम्बी कूद प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया। द्वितीय दिवस कार्यक्रमानुसार 1500, 3000 मीटर दौड़, वॉलीबॉल, खो-खो, भाला फेंक, प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन हुआ। इस वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में संयोजक की भूमिका डॉ0 विशम्बर जोशी ने निभाई।

महाविद्यालय की उपलब्धियाँ (2022-23)

* महाविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट www.gpgcpurola.ac.in को लॉन्च किया गया।
* महाविद्यालय की अर्द्ध वार्षिक पत्रिका 'महाविद्यालय बुलेटिन' के पहले अंक जुलाई- दिसम्बर 2022 का प्रकाशन हुआ।
* नैक ग्रेडिंग प्राप्त करने हेतु SSR जमा करने सहित ऑनलाइन प्रक्रिया पूर्ण का ली गयी है।
* महाविद्यालय में रूसा के द्वारा कंप्यूटर कक्ष तथा बालिका कॉमन कक्ष का निर्माण कार्य पूर्ण होकर उसका आधिकारिक हस्तांतरण महाविद्यालय को किया गया।
* महाविद्यालय द्वारा बी0ए0, बी0एस0सी0 व एम0ए0 व एम0एस0सी0 पाठ्यक्रमों के संबद्धता विस्तारण हेतु संबद्धता पैनलों का आयोजन किया गया।
* व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु हार्क संस्था से समझौता पत्र हस्ताक्षरित किया गया।
* महाविद्यालय की कला संकाय भवन के निर्माण हेतु DPR को पूर्ण कर शासन को प्रेषित की गयी।

महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधायें

आज के प्रोद्योगिक युग में शिक्षण - अधिगम प्रक्रिया को बेहतर करने व छात्र-छात्राओं के हित को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय लगातार आवश्यक सुविधाओं को उपलब्ध करने का प्रयास करता है। वर्तमान में महाविद्यालय में निम्न सुविधायें उपलब्ध हैं:-

महाविद्यालय की भावी नीतियाँ एवं योजनाएं

* स्नातक स्तर एवं स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय भवन का निर्माण एवं विज्ञान संकाय के लिए स्नातकोत्तर ब्लॉक का निर्माण करना।
* महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर वाणिज्य संकायान्तर्गत बी0कॉम0 के पाठ्यक्रम का संचालन करना।
* महाविद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिताओं हेतु खेल मैदान का निर्माण करवाना।
* महाविद्यालय में विभिन्न व्यावसायिक कोर्स एवं स्नातक स्तर पर भूगोल, संस्कृत, गृह विज्ञान, चित्रकला, संगीत विषयों का सृजन करना।
* महाविद्यालय में आधारभूत सुविधाओं का प्रसार करना।
* महाविद्यालय में NCC इकाई की स्थापना करना।

मीडिया कवरेज

शीतल रही बेस्ट आफ वेस्ट क्राफ्ट प्रतियोगिता में अव्वल

छात्र-छात्राओं की ओर से कूड़े से बनाई गई सामग्री • जागरण

जागरण संवाददाता, पुरोला : बीएल जुवांठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शिक्षा शास्त्र विभाग के तत्वावधान में बेस्ट आफ वेस्ट क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही तैयार क्राफ्ट की प्रदर्शनी लगाई गई। क्राफ्ट तैयार करने में छात्र-छात्राओं ने ... गीता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य डा. एके तिवारी ने छात्र-छात्राओं को अभिप्रेरित करते हुए उनके कार्यों की प्रशंसा की। कार्यक्रम की संयोजक विभाग प्रभारी गौहर फातिमा ने बताया कि छात्रों में स्किल डेवलपमेंट के लिए इस प्रकार के आयोजन महत्वपूर्ण ...

बीएलजुवांठा राजकीय महाविद्यालय का 21 दिवसीय क्षमता वर्धन कार्यक्रम संम्पन

संवाददाता पुरोला। बीएलजुवांठा राजकीय महाविद्यालय पुरोला के 45 छात्रों के क्षमता वर्धन के लिए सर्टिफिकेट कोर्स के कार्यक्रम के सफलता पूर्वक पूर्ण होने के उपरांत 20 मार्च 2023 को प्रमाणपत्र वितरण का आयोजन हार्क सेंटर नौगावं में किया गया।इस कार्यक्रम का संचालन हिमालयन एक्शन एंड रिसर्च सेंटर नौगावं द्वारा, उत्तराखंड साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च सेंटर देहरादून के वित्तीय सहयोग से सम्पादित किया गया। कार्यक्रम में प्रोफेसर जगमोहन राणा सदस्य लोक सेवा आयोग, युसर्क की निदेशक डॉ अनिता रावत, हार्क के सचिव सफल उद्यामि डॉ महेन्द्र कुंवर, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ए के तिवारी द्वारा ...

छात्राएं सीख रही हैं स्वरोजगार के गुर

• महाविद्यालय में शुरू हुआ तीन दिवसीय स्किल डेवलपमेंट व कैरियर परामर्श पर कार्यशाला

भास्कर समाचार सेवा

कार्यशाला में स्वरोजगार के गुर सीखती छात्राएं।

पुरोला। पुरोला स्थित बर्फिया लाल जुवांठ राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मार्ग दर्शन परामर्श एवं उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ के अंतर्गत तथा नांदी फाउंडेशन के महिंद्रा प्राइड क्लासरूम के तत्वावधान में बालिकाओं के लिए तीन दिवसीय रोजगार परक कौशल प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ यमुना प्रसाद रतूड़ी तथा महिंद्रा प्राइड क्लासरूम की मास्टर ट्रेनर ... की शुभकामनाएं देते हुए प्रशिक्षण में सक्रिय रहने की अपील की। कार्यक्रम की संयोजक व संचालक शिक्षाशास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर गौहर फातिमा ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि महिंद्रा प्राइड क्लासरूम की ... बताया कि यह 50 छात्राओं का प्रथम बैच का प्रशिक्षण चल रहा है आगे अन्य बैचों का भी प्रशिक्षण निरंतर होता रहेगा। तीन दिवसीय प्रशिक्षण व कार्यशाला के अवसर पर महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर ...

हिंदी न्यूज़ • उत्तराखंड • उत्तरकाशी • दशरथ अध्यक्ष और मदन ...

दशरथ अध्यक्ष और मदन लाल सह सचिव बने

ऐप पर पढ़ें

हिन्दुस्तान

हिंदी न्यूज़ • उत्तराखंड • उत्तरकाशी • वेबसाइट से छात्रों को समय ...

वेबसाइट से छात्रों को समय पर मिल सकेगी कार्यक्रमों की जानकारी

हिन्दुस्तान

Newswrap • हिन्दुस्तान टीम,उत्तरकाशी

Wed, 11 Jan 2023 04:30 PM

पुरोला विधायक दुर्गेश्वर लाल ने बुधवार को बीएल जुवांठा राजकीय ...

विधायक दुर्गेश्वर लाल ने बीएल जुवांठा राजकीय महाविद्यालय पुरोला में किया वेबसाइट व पत्रिका का विमोचन।

Namonews - जनवरी 11, 2023

गजेन्द्र सिंह चौहान, पुरोला

बीएलजुवांठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने बुधवार को महाविद्यालय पत्रिका व आधिकारिक वेबसाइड का विमोचन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक दुर्गेश्वर लाल ने महाविद्यालय की वेबसाइट लॉन्च कर विद्यालय की अर्धवार्षिक पत्रिका "महाविद्यालय बुलेटिन" का विमोचन किया।

नशाखोरी पर अंकुश लगाने को किया मंथन

• बीएल जुवांठा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नशा उन्मूलन पर संगोष्ठी का आयोजन किया
• युवा पीढ़ी को बचाने के लिए हर व्यक्ति को आगे आकर जिम्मेदारी लेने का आह्वान किया

संवाद सूत्र, पुरोला : बीएल जुवांठा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित नशा उन्मूलन संगोष्ठी में समाज में युवा पीढ़ी में फैल रही नशाखोरी की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने को लेकर मंथन किया गया। संगोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि नशाखोरी देश व समाज के लिए एक बहुत ही गंभीर समस्या बन चुका है। गांव और घर-घर में युवाओं का जीवन बर्बाद हो रहा है। चिकित्साधिकारी डा. कपिल तोमर ने छात्रों को जानकारी देते हुए बताया कि नशा कई तरह का होता है। स्मैक, शराब, अफीम, चरस, बीड़ी, सिगरेट, ड्रग्स यह सभी नशा है। हर इंसान के नशा करने के पीछे ... का कैंसर, हार्ट की बीमारी आदि होने का खतरा बना रहता है। थानाध्यक्ष खजाना सिंह चौहान ने उत्तराखंड व देश के अन्य प्रदेशों में स्मैक, शराब, चरस व नशे के बढ़ते कारोबार व बर्बाद हो रही युवा पीढ़ी के आंकड़े समेत जानकारी देने के साथ ही युवा पीढ़ी को बचाने के लिए समाज के हर व्यक्ति को आगे आकर जिम्मेदारी लेने का आह्वान किया।

महाविद्यालय पुरोला में आयोजित संगोष्ठी में नशामुक्ति को लेकर वक्ताओं ने दिये नशा उन्मूलन को लेकर विभिन्न सुझाव। कैंसर की तरह फैल रहे नशे के कारोबार को रोकने के लिए विभिन्न एजेंसियों व समाज के विभिन्न वर्गों के बीच तालमेल की अपील

Namonews - फरवरी 24, 2023

दौड़ में रोशन, प्रिया, महिदेव, संध्या रहे अव्वल

▪ बरफिया लाल जुवांठा महाविद्यालय में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताएं संपन्न

पुरोला/एसएनबी। बर्फिया लाल जुवांठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण के साथ समापन हुआ। खोखो बालक वर्ग में टीम सुपरस्टार व बालिका वर्ग में टीम रामा सिराईं विजेता रही वहीं 200, 400 व 1500 मीटर दौड़ में रोशन, प्रिया, महिदेव और संध्या अव्वल रही।

बर्फिया लाल जुवांठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार से दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताएं राइंका पुरोला के खेल मैदान में शुरू हुई, जिसका गुरुवार को खिलाड़ियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र वितरित कर समापन किया गया। खेलों का शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान कुरड़ा ममता, व गत वर्ष के चैम्पियन रोहन तथा काजल ने मशाल जला कर किया। गुरुवार को खेली गई 200 मीटर बालक व बालिका वर्ग दौड़ में रोहन कुमार प्रथम, दिनेश आर्य द्वितीय व निखिल सिंह रावत ने तृतीय ... रोहन कुमार व अजय सिंह प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे, वहीं संध्या पौडवाल प्रथम, काजल द्वितीय, प्रिया राणा तृतीय स्थान पर रही। लंबीकूद बालक वर्ग सुखराज ने प्रथम, अर्मतय नौटियाल द्वितीय व दिनेश आर्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया व बालिका वर्ग में राखी, प्रिया राणा व शीतल ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रही। ऊंचीकूद बालक वर्ग में पंकज प्रथम, रोहन कुमार द्वितीय व निखिल रावत तृतीय स्थान पर रहे वहीं बालिका वर्ग में क्रमशः राखी, काजल वह प्रिया राणा ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि भाला फेंक बालक व बालिका वर्ग प्रकाश प्रथम, दीपक चौहान द्वितीय व गोविंद सिंह नेगी तृतीय स्थान पर रहा वहीं राखी प्रथम, काजल द्वितीय व प्रिया तृतीय स्थान पर रही। चक्का फेंक बालक वर्ग में प्रकाश, अजय पंवार व रिजुल प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे, वहीं बालिका वर्ग में क्रमश गुड़िया, राखी एवं शीतल ने बाजी मारी। ...

राजकीय महाविद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता, प्राचार्य ... विजेता खिलाड़ियों को मेडल ... कर किया सम्मानित

सुपर स्टॉर और रामा सिराईं टीम ने लहराया परचम

भास्कर समाचार सेवा

पुरोला। बरफिया लाल जुवांठा स्नातकोत्तर महाविद्यालय की दो दिवसीय 'खेलकूद प्रतियोगिताओं पहले दिन आयोजित खो-खो बालक वर्ग में सुपर स्टार टीम व बालिका वर्ग में रामा सिराई की टीम विजेता रही। वहीं, 200,400 व 1500 मीटर दौड़ में रोशन, प्रिया, महिदेव और संध्या अव्वल रहीं। ...

कब्बड्डी में प्रतिभाग करते खिलाड़ी।

बर्फिया लाल जुवांठा राजकीय ... प्रतियोगिता ... संपन्न

पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित

पुरोला,संवाददाता।बीएल जुवांठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जी20 कार्यक्रम के अन्तर्गत पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं त्रिफला वाटिका

मारी बाजी

कौशल प्रशिक्षण

पुरोला : बर्फियालाल जुवांठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पुरोला में छात्राओं के लिए तीन दिवसीय रोजगारपरक कौशल प्रशिक्षण शुरू ...

हिंदी न्यूज़ • उत्तराखंड • उत्तरकाशी • नई पीढ़ी को नशे से दूर रख...

नई पीढ़ी को नशे से दूर रखने की अपील

ऐप पर पढ़ें

महाविद्यालय पुरोला में कौशल विकास प्रशिक्षण संपन्न हुआ • जागरण

छह दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण संपन्न

संवाद सूत्र, पुरोला : बर्फिया लाल जुवांठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मार्गदर्शन परामर्श एवं उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ व नांदी फाउंडेशन महिंद्रा प्राइड क्लासरूम के सहयोग से चल रहे छह दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हो गया। प्रशिक्षण में सहभागी प्रथम व द्वितीय बैच की 95 ... नोडल अधिकारी असिस्टेंट प्रोफेसर गौहर फातिमा ने कहा कि रिसोर्स पर्सन व मास्टर ट्रेनर नांदी फाउंडेशन महिंद्रा प्राइड क्लासरूम रेनू शर्मा ने महाविद्यालय के प्रथम बैच में 50 तथा द्वितीय बैच में 45 छात्राओं को छह दिवसीय 20-20 घंटे रोजगार परक कौशल का प्रशिक्षण दिया।

पुरोला में इतिहास विभाग का विभागीय परिषद् का हुआ गठन

पुरोला। बर्फिया लाल जुवांठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पुरोला में गुरुवार को इतिहास विभाग में विभागीय परिषद का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष पद पर बीए द्वितीय वर्ष के देशराज सिंह को निर्वाचित किया गया वहीं आदित्य को उपाध्यक्ष, ... विभागाध्यक्ष इतिहास कृष्ण देव रतूड़ी की अध्यक्षता में किया गया है। बतौर विभागाध्यक्ष व परिषद के संरक्षक कृष्णदेव रतूड़ी ने जानकारी देते हुए कहा कि पठन-पाठन के साथ ही विषय के प्रयोगात्मक क्रियाकलापों में छात्रों की सक्रियता के लिए यह उपयोगी ...

छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देते हुए महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य।

छात्राओं को प्रशस्तिपत्र देकर किया सम्मानित

• बीएल जुवांठा कॉलेज में कौशल विकास प्रशिक्षण का समापन

भास्कर समाचार सेवा

विरेन्द्र चौहान

पुरोला। पुरोला के बर्फियालाल जुवांठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मार्गदर्शन परामर्श एवं उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ तथा नांदी फाउंडेशन महिंद्रा प्राइड क्लासरूम के सहयोग से चल रहे प्रशिक्षण का समापन छात्राओं को ... कि रिसोर्स पर्सन व मास्टर ट्रेनर नांदी फाउंडेशन महिंद्रा प्राइड क्लासरूम रेनू शर्मा ने महाविद्यालय के प्रथम बैच में 50 व द्वितीय बैच में 45 छात्राओं को 20-20 घंटे का रोजगारपरक कौशलों का प्रशिक्षण ...

... दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन

... गोष्ठी के दौरान उपस्थित छात्र।

बीएल लाल जुवांठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पुरोला की दो दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के प्रथम दिवस पर गत वर्ष के चैंपियन रोहन एवम काजल ने मशाल जलाकर प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

Namonews - जनवरी 15, 2023

बलिदानियों की याद में बनाई त्रिफला वाटिका, शहीदों को किया ...

संवाद सूत्र, पुरोला : कारगिल विजय दिवस पर राजकीय इंटर कालेज पुरोला, गुंदियाट गांव, मोल्टाडी व जवाहर नवोदय विद्यालय धुनगिरी में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं कारगिल बलिदानियों की याद में टौंस वन प्रभाग के सहयोग से राजकीय महाविद्यालय पुरोला के वनस्पति विज्ञान के तत्वाधान में महाविद्यालय परिसर में त्रिफला वाटिका की शुरुआत की गई। इसमें आंवला, हरड़ और बहेड़ा की पौध का रोपण किया गया। तीनों औषधीय दृष्टिकोण के पौधों की महत्ता व इन पौधों के फलों से ही त्रिफला चूर्ण का निर्माण किए जाने की छात्राओं को जानकारी दी गई। वहीं, 3 यूके बटालियन उत्तरकाशी एनसीसी ...

आयोजित की गई पोस्टर प्रतियोगिता

पुरोला। बर्फियां लाल जुवांठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पुरोला में वनस्पति विज्ञान विभाग की विभागीय परिषद के तत्वावधान में शुक्रवार को पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्नातकोत्तर स्तर के विज्ञान वर्ग के छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया। पोस्टर प्रतियोगिता में एमएससी की छात्रा जागृति रतूड़ी ने प्रथम स्थान व बीएससी की छात्रा प्रीती व पूनम ने क्रमश द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम के संयोजक वनस्पति विज्ञान विभाग प्रभारी डॉ0 विशम्बर जोशी ने कहा कि विज्ञान के प्रति छात्रों में रुचि बढ़ाने के साथ ही विषय की विस्तृत जानकारी के लिए चित्रों द्वारा ...

छात्र-छात्राओ को दिया टिशू कल्चर का प्रशिक्षण

संवाद सूत्र, नौगांव/ पुरोला: उत्तराखंड साइंस एंड एजुकेशन रिसर्च सेंटर यूसर्क एवं हार्क के तत्वावधान में टिशू कल्चर तकनीकी पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें महाविद्यालय पुरोला के 45 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। तीन सप्ताह तक चले कार्यक्रम का समापन 19 मार्च को हुआ। यूसर्क निदेशक डा. अनीता रावत ने सभी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। 21 दिवसीय प्रशिक्षण में विशेषज्ञों ने छात्र-छात्राओं को बायो टेक्नोलाजी की तकनीकी उत्तक संवर्धन (टिशू कल्चर) ग्राफ्टिंग, कोको पीट का प्रयोग और मृदा परीक्षण की जानकारी दी। प्राचार्य प्रो. एके तिवारी ने कहा कि महाविद्यालय और हार्क संस्था के मध्य पांच वर्षों ... और महाविद्यालय की ओर से छात्र-छात्राओं में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा पैदा करने और विषय में ... के सदस्य प्रो. जगमोहन सिंह राणा, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एके तिवाड़ी, डा. नवीन नौटियाल, डा. ...

हार्क नौगांव में पुरोला महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को टिशू कल्चर सहित अन्य प्रशिक्षण दिया गया • जागरण

गोष्ठी का आयोजन

पुरोला। बीएल जुवांठा राजकीय महाविद्यालय के हिंदी विभाग ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय मातृ दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में महाविद्यालय के प्रध्यापकों सहित छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। गोष्ठी में हिंदी विभाग के विभागध्यक्ष डॉ. यमुना प्रसाद रतूड़ी ने अपनी ...

महाविद्यालय स्टाफ



पुरोला